| |
|---|
| दिनांक 24.10.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 31/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद हरदोई/थाना कोतवाली देहात**

- **पुलिस कार्यवाही में 25–25 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **14 हजार रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त पिकअप डाला**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 23.10.2025 को थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रंजीतपुरवा के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–मेवाराम 2–अभिषेक घायल हो गये, जिन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 14 हजार रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त पिकअप डाला, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मेवाराम निवासी जनकपुर थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई।

2–अभिषेक निवासी हरिपुरग्रन्ट थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई।

**बरामदगी**

1—14 हजार रूपये नगद।

2—घटना में प्रयुक्त पिकअप डाला।

3—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद सोनभद्र/थाना रामपुर बरकोनिया

**• 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 24.10.2025 को थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से पुरस्कार घोषित अभियुक्त केशव को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना रामपुर बरकोनिया पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—केशव निवासी करौदिया थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र।

## कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना मसूरी

**• 03 अभियुक्त गिरफ्तार**

**• चोरी की घटना का अनावरण**

**• चोरी की पीली धातु के आभूषण**

**• 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 23.10.2025 को थाना मसूरी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर डीएमई अण्डर पास कुशलिया मसूरी से 03 अभियुक्तों 1—मुकर्रम उर्फ मुकरी 2—इमरान 3—मारूफ को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की पीली धातु के आभूषण, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना मसूरी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना मूसरी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना मसूरी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—मुकर्रम उर्फ मुकरी निवासी रफीकाबाद थाना मसूरी, गाजियाबाद।

2—इमरान निवासी रफीकाबाद थाना मसूरी, गाजियाबाद।

3—मारूफ निवासी मयूर विहार थाना मसूरी, गाजियाबाद।

**<u>बरामदगी</u>**

1—चोरी की पीली धातु के आभूषण।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

———————